Seat No. : _______________

FA-99

March-2007

Hindi (First Subsidiary)

Paper-II

(हिन्दी कथा साहित्य)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

1. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 21

(अ) जो प्रेम समाज की प्रगति और व्यक्ति के विकास का सहायक नहीं बन सकता वह निरर्थक है । यही सत्य है ।

अथवा

"लड़का तिहाजू है तो क्या हुआ । मरद और दीवार-जितना पानी खाते हैं उतना पुख़्ता होते हैं ।"

(आ) किस बात में हैं हमसे ऊँचे ? हाँ, मुँह से हमसे ऊँचे, हम गली-गली चिल्लाते नहीं कि हम ऊँचे हैं, हम ऊँचे ! कभी गाँव में आ जाती हूँ तो रस-भरी आँखों से देखने लगते हैं । जैसे सबकी छाती पर साँप लोटने लगता है, परन्तु घमण्ड यह कि हम ऊँचे हैं ।

अथवा

लेकिन जिसने सचमुच कोई भी चेहरा देखा है, वह जानता है कि हर व्यक्ति अद्वितीय है, हर चेहरा स्मरणीय । सवाल यही है कि हम उसके विशिष्ट पहलू को देखने को आँखें रखते हों ।

(इ) वह भारतमाता की स्वतंत्रता को समझना चाहती है, पर उसको न भारतमाता समझ में आती है न स्वतंत्रता समझ में आती है । उसे इन लोगों की इन ज़ोरों की बातचीत का मतलब ही समझ में नहीं आता । फिर भी उत्साह की उसमें बड़ी भूख है ।

अथवा

लेकिन दुनिया-दिखावा भी कुछ होता है ! हो सकता है, कल यही आदमी बीमार पड़ जाए या इसके घर में किसी को रोग घेर ले ! इसलिए अपना व्यवहार और पेशे की गरिमा चौकस रहना चाहिए ।

2. माणिक मुल्ला की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए । 12

अथवा

" 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' उपन्यास निम्न मध्य वर्गीय समाज का नग्न यथार्थवादी चित्र प्रस्तुत करता है ।" – सिद्ध कीजिए ।

3. " 'बंद दराजों का साथ' कहानी शिक्षित मध्यवर्गीय पति-पत्नी के सम्बन्धों के बीच की दरार को रेखांकित करती है ।" – इस कथन के आलोक में कहानी की समीक्षा कीजिए । 12

अथवा

"यशपाल रचित 'दु:ख' कहानी में प्रेम के वर्गीय रूप को स्पष्ट करने का उपक्रम है ।" – इस कथन के सन्दर्भ में 'दु:ख' कहानी का मूल्यांकन कीजिए ।

4. संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : **10**

(अ) 'मलबे का मालिक' कहानी का मर्म ।

अथवा

महेसर दलाल ।

(ब) 'दोपहर का भोजन' कहानी का उद्देश्य ।

अथवा

'सुरंग' कहानी की प्रतीकात्मकता ।

5. कथनानुसार कीजिए : **15**

(अ) सही जोड़े मिलाइए ।

(क)	**(ख)**
(1) चमन ठाकुर	(1) अमरूद का पेड़
(2) गंगी	(2) चीफ की दावत
(3) 'राम-राम बड़ा अशुभ होता है' ।	(3) पंचलाइट
(4) मनोरी	(4) ठाकुर का कुआँ
(5) "यह माँ का झमेला ही रहेगा"	(5) सूरज का सातवाँ घोडा
	(6) मलबे का मालिक

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(1) कालिन्दीचरण _______ कहानी का पात्र है । (दु:ख, पत्नी, खितीन बाबू)

(2) _______ उर्दू में नवाबराय के नाम से लिखते थे । (प्रेमचन्द, अज्ञेय, जैनेन्द्र)

(3) ज्ञानरंजन की कहानी का नाम _______ है । (दोपहर का भोजन, सुरंग, अमरूद का पेड़)

(4) चुँगी दफ्तर का बोर्ड _______ ने बनाया है । (चन्दर, वैद्यजी, सैयद अली पेंटर)

(5) "सबकुछ बदल गया, मगर _______ नहीं बदलीं ।" (गालियाँ, बोलियाँ, जातियाँ)

(इ) एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए :

(1) मंजरी किस कहानी का पात्र है ?

(2) बेबी की बड़ी बहन का नाम बताइए ।

(3) 'तमस' उपन्यास के लेखक का क्या नाम है ?

(4) 'पंचलाइट' कहानी के कहानीकार का नाम लिखिए ।

(5) माणिक मुल्ला को घोड़े की नाल किसने दिया था ?